बी.पी.एस.सी. 68वीं मुख्य परीक्षा
(सामान्य अध्ययन-1)
BPSC 68th Mains Exam
(General Studies-1)

General Studies—I

Student's Copy

Time : 3 Hours] [*Full Marks* : 300

Section—I
खण्ड—I

1. Write short notes on the following :
निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) Government of India Act, 1858 8
भारत सरकार अधिनियम, 1858

(b) Birsa Munda Movement 8
बिरसा मुंडा आन्दोलन

(c) Indigo Revolt 8
इंडिगो/नील विद्रोह

(d) Patna Kalam Painting 7
पटना कलम चित्रकला

(e) Development of Caves in Eastern India in Ancient Time 7
प्राचीन काल में पूर्वी भारत में गुहाओं का विकास

2. (a) Discuss the factors for the emergence of Indian National Movement. How it gave direction to the freedom struggle? 38
भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के उदय के कारकों की चर्चा कीजिए। इसने स्वतंत्रता संग्राम को किस प्रकार दिशा दी?

Or / अथवा

(b) Discuss the growth of colonial technical education in Bihar under various schemes of British rule. Critically analyse its impact. 38
ब्रिटिश शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बिहार में औपनिवेशिक तकनीकी शिक्षा के विकास की चर्चा कीजिए। इसके प्रभाव का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

3. (a) Analyse the development of temples in North India in ancient time. 38
प्राचीन काल में उत्तर भारत में हुए मंदिरों के विकास का विश्लेषण कीजिए।

Or / अथवा

(b) Describe Rabindranath Tagore's ideas of society and culture. 38
समाज और संस्कृति पर रवीन्द्रनाथ टैगोर के विचारों का वर्णन कीजिए।

(Turn Over)

Section—II
खण्ड—II

4. Write short notes on the following :
निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) Where was the 18th National Scouts and Guides Jamboree organized? Describe its objectives. 8
18वीं राष्ट्रीय स्काउट्स एवं गाइड्स जम्बूरी का आयोजन कहाँ किया गया था? इसके उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

(b) Explain the mandate of United Nations Public Administration Network in managing the peace and strong institutions under Sustainable Development Goal-16. 8
राष्ट्र संघ लोक प्रशासन नेटवर्क के शान्ति व सुदृढ़ संस्थाओं के प्रबन्धन के सतत विकास उद्देश्य-16 के शासनादेश का उल्लेख कीजिए।

(c) Discuss the right-based e-service delivery scenario of Bihar. 8
बिहार के अधिकार-आधारित ई-सेवा प्रदायगी परिदृश्य का वर्णन कीजिए।

(d) Describe the efforts made in the field of solar power generation in the State of Bihar. 7
बिहार राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए।

(e) Critically examine the features of self-reliance Bihar Saat Nischay-2 (2020–2025) programme of good governance. 7
आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 (2020–2025) सुशासन कार्यक्रम की विशेषताओं का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

5. (a) What are the draft regulations announced recently by the University Grants Commission to open the door for foreign universities to set up campuses in India? What prospects do you visualize about their impact on higher education in India? Do you think it will be a game-changer? Give arguments in support of your answer. 38
भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों को कैंपस स्थापित करने के लिए दरवाजा खोलने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा हाल ही में घोषित मसौदा नियम क्या हैं? आप भारत में उच्च शिक्षा पर उनके प्रभाव के बारे में कैसी संभावनाओं की कल्पना करते हैं? क्या आपको लगता है कि यह खेल-परिवर्तक होगा? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिए।

Or / अथवा

(b) In the wake of its criticism by the Vice-President of India recently, critically examine the doctrine of basic structure given by the Supreme Court of India half a century ago. Do you think this debate will prove to be a point of clash between the executive and the judiciary in near future? Give arguments. 38
आधी सदी पहले भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए बुनियादी ढाँचे के सिद्धांत के बारे में हाल ही में भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा आलोचना का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। क्या आप समझते हैं कि यह बहस कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच निकट भविष्य में टकराव का मुद्दा साबित होगा? तर्क दीजिए।

(Cont

6. (a) Do you think India must reclaim the leadership of the developing world through its ambition to steer the G-20 Summit in Delhi to success later this year, despite India's own enduring developmental challenges? Do you think India faces the real difficulty of uniting the Global South in pursuit of common goals? Write your answer with convincing arguments. 38

क्या आपको लगता है कि इस साल के अंत में दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन को अपनी स्थायी विकासात्मक चुनौतियों के बावजूद भारत को अपनी महत्त्वाकांक्षा के माध्यम से सफल बनाने के विकासशील दुनिया के नेतृत्व को पुनः प्राप्त करना चाहिए? क्या आपको लगता है कि भारत को दक्षिण विश्व को आम लक्ष्यों की खोज में एकजुट करने में वास्तविक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है? अपना उत्तर ठोस तर्कों के साथ लिखिए।

Or / अथवा

(b) Evaluate the role of United Nations in access and resource management about support of Syria and Turkey earthquake disaster. 38

सीरिया व तुर्की भूकंप आपदा सहायता में राष्ट्र संघ की पहुँच एवं संसाधन प्रबन्धन भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

Section—III

खण्ड—III

7. Study the following table carefully and answer the questions given below this table :

Highest and Average marks obtained by students in five subjects during 2012–2017. The maximum marks in each subject are 100.

Year	Subject									
	English		Hindi		Mathematics		Science		History	
	Highest (H)	Average (A)	Highest (H)	Average (A)	Highest (H)	Average (A)	Highest (H)	Average (A)	Highest (H)	Average (A)
2012	85	65	80	60	75	60	76	50	80	50
2013	80	60	75	63	75	55	55	35	85	70
2014	83	62	80	60	75	50	50	30	82	60
2015	70	55	75	50	85	65	85	55	80	60
2016	72	50	70	50	80	55	90	60	90	65
2017	75	60	80	60	85	70	70	40	70	55

निम्नलिखित सारिणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए एवं सारिणी के नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

पाँच विषयों में छात्रों द्वारा *2012* से *2017* के दौरान प्राप्त उच्चतम एवं औसत अंक।
प्रत्येक विषय में सर्वाधिक अंक *100* हैं।

वर्ष	विषय									
	अंग्रेजी		हिन्दी		गणित		विज्ञान		इतिहास	
	उच्चतम (H)	औसत (A)	उच्चतम (H)	औसत (A)	उच्चतम (H)	औसत (A)	उच्चतम (H)	औसत (A)	उच्चतम (H)	औसत (A)
2012	85	65	80	60	75	60	76	50	80	50
2013	80	60	75	63	75	55	55	35	85	70
2014	83	62	80	60	75	50	50	30	82	60
2015	70	55	75	50	85	65	85	55	80	60
2016	72	50	70	50	80	55	90	60	90	65
2017	75	60	80	60	85	70	70	40	70	55

(a) What is the combined average marks of all the five subjects in 2015? 6
सभी विषयों का 2015 में संयुक्त औसत अंक क्या है?

(b) What is the percentage increase in average marks of English from 2015 to 2017? 6
2015 से 2017 में अंग्रेजी के औसत अंकों में कितने प्रतिशत की वृद्धि है?

(c) During which year the difference between the highest marks and highest average marks in Maths was maximum? 6
किस वर्ष में गणित में उच्चतम अंक एवं उच्चतम औसत अंक का अन्तर सर्वाधिक रहा?

(d) What is the percentage of highest marks in Hindi in 2013 with respect to average marks of Maths in 2016? 6
2013 में हिन्दी में उच्चतम अंक का प्रतिशत, 2016 में गणित के औसत अंक का कितना प्रतिशत है?

(e) If 50 students took the examination in 2013 in Maths, what were their total marks? 6
यदि 2013 में 50 विद्यार्थियों ने गणित में परीक्षा दी, तो उनके अंकों का कुल योग कितना था?


(f) In between which two years, the difference of highest marks in Science was maximum? 6
किन दो वर्षों के बीच विज्ञान में उच्चतम अंकों का अन्तर सर्वाधिक रहा?

Or / अथवा

Study the following graph carefully and answer the questions given below :

Profit percent of companies *ABC* and *DEF* during the year 2001–2006


$$\left(\text{Profit percent} = \frac{\text{Income} - \text{Expenditure}}{\text{Expenditure}} \times 100\right)$$



निम्न ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वर्ष 2001–2006 की अवधि के दौरान कंपनियों *ABC* और *DEF* द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ

$$\left(\text{प्रतिशत लाभ} = \frac{\text{आय} - \text{व्यय}}{\text{व्यय}} \times 100\right)$$



(a) Let the income in 2005 of companies *ABC* and *DEF* was in the ratio 3 : 4. What was the ratio of expenditures of companies *ABC* and *DEF* in 2005? 8
माना कि 2005 में दो कंपनियों *ABC* और *DEF* की आय क्रमशः 3 : 4 के अनुपात में थी। 2005 में उनके (कंपनी *ABC* और *DEF* के) व्यय का संबंधित अनुपात क्या था?

(b) If expenditure of company *DEF* in 2002 was ₹ 190 cr., what was its income in the year 2002? 5
अगर 2002 में कंपनी *DEF* का खर्च ₹ 190 करोड़ था, इसकी आय 2002 में क्या थी?

(c) If expenditures of company *ABC* and *DEF* were equal in 2001 and total income of both the companies in 2001 was ₹ 825 cr., then what was the total profit of both the companies in 2001? 10
अगर 2001 में कंपनी *ABC* और *DEF* के व्यय समान थे और 2001 में दोनों कंपनियों की कुल आय ₹ 825 करोड़ थी, 2001 में दोनों कंपनियों का कुल लाभ क्या था?

(d) Income of company *ABC* in 2004 was ₹ 750 cr. What was the expenditure in 2004? 5


वर्ष 2004 में कंपनी *ABC* की आय ₹ 750 करोड़ थी। इसका खर्च वर्ष 2004 में क्या था?

(e) If income of both the companies was equal in 2003, find the ratio of expenditures of company *ABC* and *DEF* in 2003. 8

यदि 2003 में दोनों कंपनियों की आय बराबर थी, तो 2003 में कंपनी *ABC* के व्यय का कंपनी *DEF* के व्यय से अनुपात क्या था?


8. The Bar Graph given below shows the sales of books (in thousand numbers) from six branches of a publishing company during two consecutive years 2000 and 2001.

Sales of Books (in thousand numbers) from Six Branches—B1, B2, B3, B4, B5 and B6 of a publishing company in 2000 and 2001 are following :



नीचे दिया गया बार ग्राफ लगातार दो वर्षों 2000 और 2001 के दौरान एक प्रकाशन कंपनी की छह शाखाओं से पुस्तकों की बिक्री (हजार संख्या में) दर्शाता है।

2000 और 2001 में एक प्रकाशन कंपनी की छह शाखाओं—B1, B2, B3, B4, B5 और B6 से पुस्तकों की बिक्री (हजार संख्या में) निम्नलिखित हैं :



(a) What is the ratio of the total sales of Branch B2 for both years to the total sales of Branch B4 for both years? 6

दोनों वर्षों के लिए शाखा B2 की कुल बिक्री का दोनों वर्षों के लिए शाखा B4 की कुल बिक्री से अनुपात क्या है?

(b) Total sales of Branch B6 for both the years are what percent of the total sales of Branch B3 for both the years? 8

दोनों वर्षों के लिए शाखा B6 की कुल बिक्री, दोनों वर्षों के लिए शाखा B3 की कुल बिक्री का कितना प्रतिशत है?

(c) What percent of the average sales of branches B1, B2 and B3 in 2001 is the average sales of branches B1, B3 and B6 in 2000? 8

2001 में शाखाओं B1, B2 और B3 की औसत बिक्री का कितना प्रतिशत 2000 में शाखाओं B1, B3 और B6 की औसत बिक्री है?

(d) What are the average sales of all the branches (in thousand numbers) for the year 2000? 8

वर्ष 2000 के लिए सभी शाखाओं की औसत बिक्री (हजार संख्या में) कितनी है?


(e) A total sale of branches B1, B3 and B5 together for both the years (in thousand numbers) is what? 6

दोनों वर्षों के लिए शाखाओं B1, B3 और B5 की कुल बिक्री (हजार संख्या में) कितनी है?

Or / *अथवा*

The following pie-chart shows the percentage distribution of the total expenditure incurred by a company in different expense sections during 2015. Study the pie-chart and answer the questions given below :


Percentage distribution of total expenditure of a company



Infr = Infrastructure
Tra = Transport
Adv = Advertisement
Tax = Taxes
R&D = Research and Development
Sal = Salary
Int = Interest on Loans

नीचे दिया गया वृत्त-ग्राफ, 2015 के दौरान विभिन्न व्यय शीर्ष के तहत कंपनी के कुल व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाता है। वृत्त-ग्राफ का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कंपनी के कुल व्यय का प्रतिशत वितरण



Infr = बुनियादी ढाँचे

Tra = परिवहन

Adv = विज्ञापन

Tax = कर

R&D = शोध और विकास

Sal = पगार

Int = ऋण पर ब्याज

(a) How much times the total expenditure of the company is of expenditure of research and development? 7

कंपनी के व्यय की कुल राशि, शोध और विकास पर व्यय से कितनी गुनी है?

(b) If expenditure on transport is ₹ 2 crores, then what will be the difference between the expenditures on salary and advertisement? 7

यदि परिवहन पर व्यय ₹ 2 करोड़ है, तो पगार और विज्ञापन पर खर्च के बीच क्या अंतर है?

(c) What is the ratio of the total expenditure of taxes and interest on loans and total expenditure on infrastructure and transport? 7

करों एवं ऋण पर ब्याज के कुल खर्च, और बुनियादी ढाँचे एवं परिवहन के कुल खर्च का क्या अनुपात है?

(d) If expenditure on interest on loan is ₹ 2·60 crores, then what will be the total expenditure on advertisement, taxes and salary? 7

अगर ऋण पर ब्याज ₹ 2·60 करोड़ है तो विज्ञापन, करों और पगार पर व्यय की कुल राशि क्या होगी?

(e) How much times the difference of expenditure on interest on loans and the expenditure on advertisement is of the expenditure on advertisement? 8

ऋण पर ब्याज पर खर्च और विज्ञापन के व्यय के बीच का अंतर विज्ञापन के व्यय का कितना गुना है?

★★★